अष्टम उरांव बनी किशोरी समृद्धि योजना की ब्रांड एंबेसडर

चर्चा में क्यों?

23 अक्तूबर, 2022 को गुमला ज़िला प्रशासन ने अंडर-17 भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान और गुमला की बेटी अष्टम उरांव को 'सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना' का ब्रांड एंबेसडर बनाया है साथ ही फुटबॉलर सुधा अंकिता तिर्की को भी ज़िला प्रशासन ने सम्मानित किया।

प्रमुख बिंदु

- भारतीय फुटबॉल अंडर-17 टीम की कप्तान अष्टम उरांव एवं खिलाड़ी सुधा अंकिता तिर्की के गुमला आगमन के उपरांत उपायुक्त सुशांत गौरव ने अपने सभाकक्ष में सम्मान समारोह आयोजित कर दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया।
- गुमला डीसी सुशांत गौरव ने कहा कि किशोरी समृद्धि योजना के बेहतर प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता के लिये अष्टम उरांव को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है।
- ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने पर अष्टम उरांव ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि किशोरी समृद्धि योजना का बेहतर प्रचार-प्रसार कर सकें जिससे इस योजना का लाभ गुमला ज़िले की किशोरियों को मिल सके।
- विदित है कि गुमला ज़िला से 60 किमी. दूर स्थित बिशुनपुर प्रखंड के बनारी गोर्राटोली गाँव की अष्टम उरांव फीफा अंडर-17 वर्ल्ड कप में बालिका महिला फुटबॉल टीम की कप्तान हैं।
- गौरतलब है कि झारखंड की हेमंत सरकार ने बालिका शिक्षा पर ज़ोर, बाल विवाह का अंत और महिला सशक्तीकरण के उद्देश्य को लेकर राज्य में 'सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना'की शुरुआत की है। इस योजना के तहत किशोरियों को अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने के लिये सक्षम बनाना है।
- 'सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना'के तहत राज्य सरकार किशोरियों को अच्छी शिक्षा के लिये 40 हज़ार रुपए की सहायता राशि दे रही है। इसके तहत कक्षा आठवीं में छात्राओं को 2500 रुपए, कक्षा नौवीं में 2500 रुपए, कक्षा 10वीं में 5000 रुपए, कक्षा 11वीं और 12वीं में 5000-5000 रुपए और 18 से 19 साल होने पर किशोरियों को एकमुश्त 20 हज़ार रुपए दिये जाएंगे। इस तरह से कुल 40 हज़ार रुपए किशोरियों को मिलेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ashtam-oraon-became-the-brand-ambassador-of-kishori-samridhi-yojana